बिहार सरकार

तृतीय चरण में ऑगनबाड़ी सेविका/सहायिका के चयन हेतु

आवेदन से संबंधित सूचना

सभी संबंधितों को सूचित किया जाता है कि विभिन्न जिलों में स्वीकृत केन्द्रों के विरूद्ध शेष बचे रिक्त केन्द्रों के लिए ऑगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका के पदों पर चयन हेतु ऑन लाईन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। चयन हेतु परियोजनावार रिक्ति से संबंधित वार्ड, बाहुल्य वर्ग आदि को NIC के वेब साईट http://fts.bih.nic.in/AWCREC/Login.aspx पर अपलोड कराया जा चुंका है, जिसे जिला प्रोग्राम कार्यालय एवं संबंधित समेकित बाल विकास परियोजना कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। परियोजनावार रिक्त ऑगनबाड़ी केन्द्रों की विस्तृत सूचना यथा– अहर्त्ता/रिक्त केन्द्रों की सूची/पंचायत/वार्ड/बाहुल्य वर्ग/आम सभा का स्थल/आम सभा की तिथि आदि संबंधित बाल विकास परियोजना कार्यालय/प्रखण्ड कार्यालय के सूचना पट पर प्रकाशित की जायेगी।

रिक्त पदों हेतु आवेदन की समय सीमा, औपबंधिक मेधा सूची प्रकाशन आदि की समय सीमा निम्नवत है:–

1. **ऑन लाईन आवेदन करने की तिथि** – दिनांक 05.09.2019 से 19.09.2019 तक।
2. **औपबंधिक मेधा सूची प्रकाशन की तिथि** – दिनांक 25.09.2019 को बाल विकास परियोजना कार्यालय/प्रखण्ड कार्यालय के सूचना पट पर एक सप्ताह के लिए किया जायेगा।
3. **आपत्ति लेने की तिथि** – दिनांक 25.09.2019 से दिनांक 01.10.2019 तक।
4. **आम सभा की तिथि** – दिनांक 02.10.2019 से दिनांक 15.10.2019 तक। आम सभा के पूर्व विभागीय मार्गदर्शिका के अनुरूप सभी आवश्यक कार्रवाई संबंधित महिला पर्यवेक्षिका/बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के द्वारा की जायेगी।
5. ऑन लाईन आवेदन का वेब–साईट http://fts.bih.nic.in/AWCREC/Login.aspx हैं।
6. ऑन लाईन आवेदन के साथ आवेदिका सभी वांछित दस्तावेज (Document) यथा – मैट्रिक अंक पत्र (सहायिका के लिए अष्टम का अंक पत्र), मूल प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र, विधवा प्रमाण पत्र (विधवा अभ्यर्थी के लिए), विकलांगता प्रमाण पत्र (विकलांग अभ्यर्थी के लिए) आदि को भी निर्धारित साईज में अपलोड करना अनिवार्य होगा।
7. आवेदिका को ऑन लाईन आवेदन करने में किसी तरह की कठिनाई होने पर संबंधित बाल विकास परियोजना कार्यालय एवं जिला प्रोग्राम कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है जहॉ उनकी समस्या का अनिवार्य रूप से निराकरण किया जायेगा।
8. यदि किसी कारणवश निर्धारित तिथि को आम सभा नहीं की जाती है अथवा सेविका का चयन नहीं हो पाता है तो विभागीय मार्गदर्शिका के अनुरूप अगली आम सभा की जायेगी।
9. आवेदिका अपने पूर्णतः भरे हुए आवेदन का Print out निकाल कर आवश्य रखे।
10. अधिक जानकारी के लिए संबंधित जिला प्रोग्राम कार्यालय, बाल विकास परियोजना कार्यालय अथवा Helpdesk No. 0612-2547960 पर सम्पर्क किया जा सकता हैं।

निदेशक
आई0सी0डी0एस0 निदेशालय,
बिहार, पटना

PR. No. 07237 (SWD) 2019-20

बिटिया मेरी अभी पढ़ेगी, शादी की सूली नहीं चढ़ेगी।

ResultBharat.com